चाँद की सैर

1.

पाठ का सारांश

प्रस्तुत पाठ में दादा जी लता और माधव को चाँद के बारे में जानकारी दे रहे हैं। चाँद के आकार, पृथ्वी से दूरी, धरातल, गुरुत्वाकर्षण शक्ति आदि से संबंधित जानकारी इस पाठ के माध्यम से दी गई है।

Summary

In this lesson Grandfather is giving the information about moon to Lata and Madhav. Through this lesson the information is given about size, distance, ground, gravity of moon.

2. पढ़ें, समझें और उचित स्थान पर नुकता (.) लगाएँ—

मज़ा सज़ा आवाज़ सब्ज़ी वज़न ज़मीन

3. पढ़ें और विलोम शब्द चुनकर लिखें—

प्रकाश	×	····अंधकार····	अँधेरा	×	····उजाला····
कम	×	····अधिक····	जय	×	····पराजय····
मरना	×	····जीना····	आसान	×	····मुश्किल····
विशेष	×	····साधारण····	शक्तिहीन	×	····शक्तिशाली····
सुविधा	×	····असुविधा····	आकाश	×	····पाताल····

4.

समझकर ✓ या ✗ लगाओ—

क. अंतरिक्ष में हवा नहीं होती। ✓

ख. अंतरिक्ष में हम आराम से चल सकते हैं। ✗

ग. चाँद पर कदम रखनेवाला पहला व्यक्ति नील आर्मस्ट्रांग था। ✓

घ. चाँद पर पंद्रह दिन उजाला और पंद्रह दिन अँधेरा रहता है। ✓

ङ. पृथ्वी चाँद की तुलना में 50 गुणा बड़ी है। ✗

5.

क. चाँद पर पेड़-पौधे, पशु-पक्षी क्यों नहीं हैं ?

चाँद पर हवा नहीं है इसलिए वहाँ पेड़-पौधे तथा पशु-पक्षी नहीं हैं।

ख. चाँद पर कैसे पहुँचा जा सकता है ?

चाँद पर एक विशेष अंतरिक्ष यान की मदद से पहुँचा जा सकता है।

ग. चाँद पर पहुँचकर दोनों यात्रियों ने क्या किया ?

चाँद पर पहुँचकर दोनों यात्रियों ने धरती की तसवीरें लीं, वहाँ के कंकड़ व रेत को थैलियों में भरा तथा यान की ओर लौट गए।